दिनांक 12.06.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

औद्योगिक नगर क्षेत्र में अवैध बाउंड्रीवाल निर्माण हुई कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण करने वालों के विरुद्ध निगम प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्यवाही कर रही है। बिना कोई अनुमति लिए अवैध रूप से बाउंड्री बनाकर खाली जमीन पर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ आज तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है! जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 27 घासीदास नगर के औद्योगिक क्षेत्र में शिवा मिनरल्स के संचालक द्वारा नाली किनारे अतिक्रमण करते हुए 70 फीट लंबी और 10 फीट उंची बाउंड्री का अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था! आयुक्त महोदय के निर्देश के पालन में जोन 02 के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि के अगुवाई में निगम की टीम पहुंची और जेसीबी से अवैध रूप से निर्माण किए जा रहे दीवार को तोड़ने की कार्यवाही की गई। जोन 02 एआरओ संजय वर्मा ने बताया कि वार्ड 27 घासीदास नगर के औद्योगिक क्षेत्र में शिवा मिनरल्स के संचालक द्वारा सड़क किनारे के बीच की खाली भूमि पर अनाधिकृत रूप से बाउंड्रीवाल निर्माण किया जा रहा था। अवैध रूप से बाउंड्रीवाल बनाने की जानकारी मिलने पर निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई थी , निगम की ओर से दस्तावेज की जांच में निर्माण कार्य अवैध पाए जाने पर नोटिस भी जारी किया गया था , लेकिन कंपनी के संचालक द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए अवैध रूप से 70 फीट लंबा और 10 फीट उंची पक्की बाउंड्रीवाल का निर्माण जारी रखा हुआ था। जिस पर जोन 02 के राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और निर्माण किए जा रहे बाउंड्रीवाल को ध्वस्त करते हुए दोबारा ऐसा करने पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी।

खुर्सीपार के बापू नगर तालाब की बदल रही है तस्वीर, मरीन ड्राइव जैसा होगा आकर्षक, महापौर श्री देवेंद्र यादव ने निरीक्षण कर जल्द कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बापू नगर वार्ड क्रमांक 29 में स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है! खुर्सीपार क्षेत्र के बापू नगर में यह तालाब आकर्षण का केंद्र होगा! उप अभियंता प्रकृति जगताप ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तालाब का कार्य 80% तक पूर्ण हो चुका है केवल 20% कार्य ही शेष रह गया है जोकि शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने तालाब में हो रहे विकास कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया! निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव ने जोन के अधिकारियों को कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ताकि जल्द ही इसका लुफ्त शहरवासी उठा सकें! राज्य परिवर्तित की राशि 3 करोड़ 33 लाख की लागत से विकसित हो रहे तालाब में बहुत कुछ खास है जिससे यहां पर आने वाले लोगों को मरीन ड्राइव जैसा सुखद एहसास होगा! भिलाई शहर के पटरी के इस पार के क्षेत्र में भेलवा तालाब में काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं , परंतु अब बापू नगर का तालाब विकसित होने से शहरवासी यहां पर भी सुखद अनुभूति ले सकते हैं! बच्चों के लिए विशेष होगा चिल्ड्रन पार्क पालक के साथ में यहां पर आने वाले बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क एक विशेष आकर्षण का केंद्र होगा जहां पर बच्चे झूला , फिसल पट्टी, हरी-भरी घास का भरपूर आनंद ले पाएंगे और मनोरंजन कर पाएंगे! यह क्षेत्र चिल्ड्रन पार्क के लिए पृथक से विकसित किया जा रहा है! सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह होगा खास इस तालाब के सौंदर्यीकरण में जन सुविधाओं को खासा ध्यान रखा गया है! ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में बैठने के लिए दो गजीबों बनाया जा रहा है! बैठने के लिए चारों ओर 12 बेंच लगाए जाएंगे! एक मुख्य प्रवेश द्वार आकर्षित रूप में होगा, कचरा इधर-उधर न फेंके इसलिए डस्टबिन लगाए जाएंगे! सुरक्षा की दृष्टि से एक गार्ड रूम रहेगा! रिटेनिंग वॉल , पेवर ब्लॉक, चैनलिंक फेंसिंग, हरियाली के लिए वृक्षारोपण , घाट का निर्माण, चारों तरफ रौशनी बिखेरने के लिए पोल एवं लाइट लगाए जा चुके हैं!